दिनांक 18.01.2026

प्रेस विज्ञप्ति 39/2026

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एस0टी0एफ–अर्न्राज्यीय मेव गैंग का सरगना रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी इमरान उर्फ अनवर खॉ (मेव) थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज से गिरफ्तार।**

दिनाकः 18–01–2026 को एस0टी0एफ उ0प्र0 को कमिश्नरेट प्रयागराज के थाना घूरपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 101/2020 धारा–397 भादवि में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित घुमन्तु अपराधी इमरान उर्फ अनवर खॉ (मेव) को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

1–अनवर उर्फ इमरान उर्फ इबरान पुत्र स्व0 नूर मुहम्मद उर्फ नुरू खॉ निवासी चिरचिटा थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर वर्तमान पता गल्ला मण्डी कस्वा व थाना बरगढ़ जिला चित्रकूट।

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**

रीवा प्रयागराज राजमार्ग के सर्विस लेन अमरेहा तिराहे के पास ग्राम अमरेहा थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज दिनांक 18–01–2026 समय 12:10 बजे।

एसटीएफ उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधो में लिप्त होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ की विभिन्न इकाईयो/टीमो को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री राकेश, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई आगरा के निकट पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

सूचना संकलन के क्रम में उ0नि0 योगेन्द्र सिंह, हे0का0 रवेन्द्र सिंह, हे0का0 दिनेश गौतम, हे0का0 अरविन्द सिंह, हे0का0 कृष्णवीर सिंह, आरक्षी हरपाल सिंह की टीम प्रयागराज में भ्रमणशील थी, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना घूरपुर प्रयागराज से वांछित रू0 50,000/– के पुरस्कार घोषित अपराधी अनवर उर्फ इमरान उर्फ इबरान रीवा प्रयागराज राजमार्ग अमरेहा तिराहे के पास के पास मौजूद है। उक्त

सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा वांछित अभियुक्त अनवर को उपरोक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त इमरान उर्फ अनवर खॉ ने पूछतॉछ पर बताया कि वर्ष–2020 में थाना क्षेत्र घूरपुर, जनपद प्रयागराज में अपने साथी अभियुक्त सिराजु पुत्र शेर मोहम्मद निवासी चिरचिटा सलेमपुर बुलन्दशहर 2–आमिर पुत्र नुरू खॉ नि0 उपरोक्त 3–फखरूद्दीन उर्फ नेता पुत्र इमामुद्दीन उर्फ अहमद्दीन नि0 उपरोक्त 4–जाविर पुत्र साविर नि0 देवीपुरा गली न0–3 थाना शहर कोतवाली बुलन्दशहर 5–भीम सिंह पुत्र लक्ष्मण निवासी जसरा थाना घूरपुर प्रयागराज 6–इलाहाबादी उर्फ रामआसरे पुत्र शिवराम निवासी उपरोक्त के साथ मिलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। यह लोग समूह बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिन से समय लूट/चोरी/डकैती गृहभेदन आदि के लिए स्थान, मकान आदि का चयन करने घटना को अंजाम देते है। उत्तर प्रदेष के साथ साथ मध्य प्रदेष, झारखण्ड आदि राज्यों में भी घटनाएं करते है। दिसम्बर–2025 में कस्बा घूरपुर प्रयागराज में अपने साथी मंजूर पुत्र नुरू खॉ व सिराजु उर्फ सिराजुद्दीन निवासी बुलन्दशहर के साथ मिलकर बर्तन की दुकान/मकान में छत के रास्ते दरवाजा खुलवाकर चोरी करने के उद्देश्य से जबरदस्ती घर में घुसे किन्तु घर वालो के विरोध करने पर उनको मारपीट व घायल कर मौके से भाग गये थे। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत है। यह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ससुराल कस्बा बरगढ़ चित्रकूट में छिपकर रह रहा था। आज किसी काम से प्रयागराज आया था।

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना घूरपुर, कमिश्नरेट प्रयागराज के मु0अ0सं0 101/2020 धारा 397 भादवि व मु0अ0सं0 436/2025 धारा 331(5)/115(2) बीएनएस में दाखिल कर अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

**<u>अनवर उर्फ इमरान उर्फ इबरान का अपराधिक इतिहास।</u>**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 055/2016 | 34/380/411/457 भादवि | मऊ | चित्रकूट |
| 2 | 065/2016 | 34/380/411/457 भादवि 25 आयुध अधि0 | मऊ | चित्रकूट |
| 3 | 172/2016 | 174–ए भादवि | मऊ | चित्रकूट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 007/2018 | 3/25 आयुध अधि0 | बरगढ़ | चित्रकूट |
| 5 | 127/2019 | 380/411/454 भादवि | मऊ | चित्रकूट |
| 6 | 061/2020 | 380/411/413/414/457 भादवि | सराय अकील | कौशाम्बी |
| 7 | 101/2020 | 397 भादवि | घूरपुर | प्रयागराज |
| 8 | 143/2020 | 307 भादवि | कौशाम्बी | कौशाम्बी |
| 9 | 074/2022 | 174–ए भादवि | कौशाम्बी | कौशाम्बी |
| 10 | 066/2024 | 305/317(2)/331(4)बीएनएस | बरगढ़ | चित्रकूट |
| 11 | 072/2024 | 305/317(2)/331(4)बीएनएस | बरगढ़ | चित्रकूट |
| 12 | 075/2024 | 305/317(2)/331(4)बीएनएस | बरगढ़ | चित्रकूट |
| 13 | 085/2024 | 305/317(2)/331(4)बीएनएस | बरगढ़ | चित्रकूट |
| 14 | 436/2025 | 331(5)/115(2) बीएनएस | घूरपुर | प्रयागराज |

## जनपद बांदा/थाना कोतवाली नगर

- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मंगलसूत्र, 01 जंजीर पीली धातु**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 18.01.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अतर्रा रोड बाइपास के पास से 08 अभियुक्तों 1–विनोद कुमार 2–अजय कुमार 3–छः अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मंगलसूत्र, 01 जंजीर पीली धातु, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.01.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मंगलसूत्र, जंजीर आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित ळें

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–विनोद कुमार निवासी परसही थाना कोतवाली नगर जनपद गाजीपुर।

2–अजय कुमार निवासी हिरामनपुर थाना सिंधोरा कमिश्नरेट वाराणसी।

3–छः अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 07 मंगलसूत्र, 01 जंजीर पीली धातु।

2–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

———————